### एक नजर में

#### मिठाई खाने से 20 बीमार, 4 गंभीर

**जबलपुर.** शहर के प्रसिद्ध त्रिपुर सुंदरी मंदिर में आयोजित सुहागिलें कार्यक्रम के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब मिठाई खाने के बाद अचानक करीब 20 लोग बीमार हो गए. सूत्रों की माने तो चार लोगों की हालत गंभीर है. उन्हें बेहतर उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया है. मिठाई खाने के बाद सभी को उल्टियां और चक्कर आने लगे, जिससे कार्यक्रम स्थल पर अफरा- तफरी और भगदड़ की स्थिति बन गई. जानकारी के अनुसार सुहागिलें कार्यक्रम के लिए त्रिपुरी सुंदरी मंदिर में प्रसाद अर्पित करने के लिए लोगों ने भेड़ाघाट स्थित राजस्थान स्वीट्स से 4 किलो मिठाई मंगाई थी.


#### नहीं हो सका नीति चड्ढा का अंगदान

**ग्वालियर.** समाजसेवी नीति चड्ढा की अचानक हुई मौत के बाद उनकी इच्छा के अनुसार सिर्फ इस कारण उनके अंगदान नहीं कराये जा सके क्योंकि ग्वालियर में अंगदान की प्रक्रिया को पूर्ण करने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जब इससे अवगत कराया गया तो उन्होंने भी इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया है कि ग्वालियर जैसे महानगर के मेडिकल कॉलेज में अंगदान की व्यवस्था नहीं है. ग्वालियर के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राज चड्ढा की पत्नी श्रीमती नीति चड्ढा का आकस्मिक निधन हो गया, चूंकि निति चड्ढा की अंतिम इच्छा थी कि मृत्यु उपरांत उनके अंगों को दान कर दिया जाए जिससे मृत्यु उपरांत भी अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सके.

# मनीष सिंह की जनसंपर्क आयुक्त के रूप में वापसी

## दीपक सक्सेना को मिली आबकारी आयुक्त की जिम्मेदारी





**भोपाल, 14 फरवरी. मध्यप्रदेश सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र के ठीक पहले मध्य रात्रि में भारतीय प्रशासनिक सेवा - आईएएस- के 11 अधिकारियों की नवीन पदस्थापना संबंधी आदेश जारी करते हुए जनसंपर्क आयुक्त के रूप में एक बार फिर से मनीष सिंह को पदस्थ किया. निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना को आबकारी आयुक्त के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है.**

वर्ष 2009 बैच के अधिकारी मनीष सिंह दूसरी बार जनसंपर्क आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. इसके पहले वे मई 2023 में जनसंपर्क आयुक्त बने थे और लगभग नौ माह तक बेहतर ढंग से कार्य कर अपनी एक अलग ही छाप छोड़ी. श्री सिंह ने शनिवार को जनसंपर्क संचालनालय पहुंचकर श्री सक्सेना से कार्यभार ग्रहण किया. इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सौजन्य भेंट की. श्री सिंह के पास परिवहन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा.

इसके अलावा अपर मुख्य सचिव वन विभाग तथा कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है. इस विभाग में अब तक प्रमुख सचिव रहे संदीप यादव को प्रमुख सचिव वन विभाग में पदस्थ कर विभाग की कमान दी गयी है.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास के संचालक अजय गुप्ता को जबलपुर में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का प्रबंध संचालक बनाया गया है. राज्य के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल को मार्कफेड के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी दी गयी है. अब तक जनसंपर्क आयुक्त रहे दीपक सक्सेना को आबकारी आयुक्त ग्वालियर पदस्थ किया गया है. श्री सक्सेना को काफी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है और यह विभाग राज्य के राजस्व संग्रहण का प्रमुख माध्यम है.

राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में संचालक बनाया गया है. वे लगभग आठ माह तक राजभवन में रहे. इसके अलावा चार अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है, जो जिला पंचायत के सीईओ स्तर के हैं. यह आदेश शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि में लगभग दो बजे जारी किए गए. अधिकारियों की पदस्थापना संबंधी सूची इस प्रकार है.....

| क्र. | अधिकारी का नाम, बैच तथा वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | अशोक वर्णवाल (1991) अपर मुख्य सचिव, वन विभाग तथा कृषि उत्पादन आयुक्त और अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण विभाग एवं पर्यावरण आयुक्त तथा महानिदेशक, एप्को (अतिरिक्त प्रभार) | (1) अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा (2) अपर मुख्य सचिव, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश तथा अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण विभाग तथा पर्यावरण आयुक्त तथा महानिदेशक, एप्को तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) |
| 2 | संदीप यादव (2000), प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं प्रमुख सचिव, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा प्रमुख सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) | (1) प्रमुख सचिव, वन विभाग तथा (2) प्रमुख सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग (अतिरिक्त प्रभार) |
| 3 | अजय गुप्ता (2009), संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल | प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर |
| 4 | मनीष सिंह (2009), सचिव, जेल विभाग तथा सचिव, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, भोपाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इंटर स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार) | (1) आयुक्त, जनसंपर्क मध्यप्रदेश, भोपाल तथा (2) सचिव, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, भोपाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इंटर स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम (अतिरिक्त प्रभार) |
| 5 | अभिजीत अग्रवाल (2010), आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर | प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, भोपाल |
| 6 | दीपक कुमार सक्सेना (2010), आयुक्त, जनसंपर्क मध्यप्रदेश, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम (अतिरिक्त प्रभार) | आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर |
| 7 | उमाशंकर भार्गव (2011), राज्यपाल के अपर सचिव, राजभवन, भोपाल | संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल |
| 8 | सुनील दुबे (2016), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भिंड | राज्यपाल के उप सचिव, राजभवन, भोपाल |
| 9 | श्रीमती संघमित्रा गौतम (2016) उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आलीराजपुर |
| 10 | श्रीमती नंदा भलावे कुशरे (2019) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आगर मालवा | अपर परियोजना संचालक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, भोपाल |
| 11 | कमल सोलंकी (2019), उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायसेन |

शिवशेखर शुक्ला, भाप्रसे (1994), अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग तथा अपर मुख्य सचिव, संस्कृति विभाग तथा आयुक्त-सह-संचालक, स्वराज संस्थान एवं न्यासी सचिव, भारत भवन तथा अपर मुख्य सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग सचिव, -अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक अपर मुख्य सचिव, जेल विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### पांचवीं मंजिल में लगातार बढ़ रहा अफसर का रुतबा

मंत्रालय की पांचवीं मंजिल में एक अधिकारी का रूतबा लगातार बढ़ रहा है. रूतबा ऐसा कि मिलने वालों का लगभग तांता ही बना रहता है. किसी और अधिकारी के चेंबर में उतने आगंतुक नहीं पहुंचते, जितना की अकेले इस अफसर के कक्ष में, हाल में ही उनकी जिम्मेदारी में इजाफा किया गया है, उन्हें सचिव होने के बाद भी एक बड़े महकमे की जिम्मेदारी दी गई है. अब देखना ये है कि ये रूतबा कब तक बरकरार रहता है.

#### ...और ये समोसा पार्टी

मंत्रालय में एक महकमा ऐसा भी है जो मौका मिलने पर जश्न मनाने में पीछे नहीं रहता. पिछले दिनों इस महकमे ने विधानसभा से जुड़े सवालों के जवाब समय पर देने की बड़ी जिम्मेदारी पूरी की, बस फिर क्या था कि विभाग में मातहतों को बेहतर कार्य के लिए समोसा पार्टी का इनाम मिल गया. चूंकि काम दोपहर में ही पूरा हो गया तो समोसा से ही काम चलाया गया, लेकिन यदि देर शाम तक काम पूरा होता तो बाकायदा डिनर का भी इंतजाम होता. बहरहाल विभाग के अफसरों का ये नवाचार दूसरों के लिए प्रेरणादायी तो है ही.

#### प्रभारी मंत्री की नाराजगी

पिछले दिनों एक जिले के प्रभारी मंत्री की नाराजगी चर्चा का विषय बन गई. दरअसल लोगों ने नोटिस किया कि मंत्रीजी जिले में तब ही ज्यादा दर्शन देते हैं, जब एक केंद्रीय मंत्री का मूवमेंट होता है, बाकी समय वे नदारत रहते हैं. जैसे ही किसी ने उनका ध्यान इस ओर आकर्षित किया, तो मंत्री जी नाराज हो गए. उन्होंने सामने वाले को खरी-खोटी सुना दी. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी बता दिया कि उनका पॉवर क्या है.

#### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से दूरी

प्रदेश के एक कद्दावर नेता ने कुछ अनूठा किया है. उन्होंने ऐसा मंदिर बनवाया है, जो कि देश में सबसे अलग है. इस मंदिर को पहले ही काफी लोकप्रियता मिल गई है. इस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अभी चल रहा है, जिसमें साधु-संतों की तो सहभागिता है, लेकिन अब तक कोई बड़ा राजनीतिक चेहरा नजर नहीं आया है. वैसे नेताजी ने आमंत्रण देने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, उगते सूरज वाले कोई ऐसा चौखट नहीं, जहां उन्होंने दस्तक नहीं दी, लेकिन अब तक नतीजा सिफर है. राहत की बात केवल इतना है कि आयोजन अभी एक सप्ताह और चलने वाला है. अब हो सकता है कि आने वाले दिनों में राजनीति के चमकते सितारे पधारें.

# केरल निकाय जीत जनविश्वास का प्रमाण

## जनसंघ से संघर्ष, केरल में विजय तय : तोमर

**भोपाल, 14 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के 'भाजपा फॉर विकसित केरलम' कार्यक्रम के तहत केरल निकायों के जनप्रतिनिधि दो दिवसीय प्रवास पर भोपाल और ग्वालियर पहुंचे. भोपाल में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केरल निकाय चुनाव में भाजपा और एनडीए की सफलता जनविश्वास का सशक्त प्रमाण है. उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं के संघर्ष से भविष्य में केरल में भाजपा का परचम लहराएगा. ग्वालियर में 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से संवाद किया.

## शुक्ल ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**भोपाल.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है. उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पवित्र पर्व भगवान शिव की आराधना, तप, संयम और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है. यह उत्सव हमें सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बाबा महाकाल से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है. उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व प्रदेश में खुशहाली, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए.

# बुरहानपुर में होगी एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

**बुरहानपुर, 14 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से 696 करोड़ 37 लाख रुपये लागत के 80 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर बुरहानपुर जिले के समग्र विकास को नई गति दी.**

उन्होंने कहा कि आज जिन कार्यों की सौगातें मिली हैं, ये जिले को आधुनिक, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है. आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है. उन्होंने कहा कि सबको साथ और विश्वास में लेकर हम ऐसे नए मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे, जहां विकास केवल अवसर नहीं, यहां के हरेक नागरिक का अधिकार होगा. उन्होंने कहा कि एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा. वहीं मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर में नर्मदेश्वर अखंड शिवलिंग की पूजा-अर्चना की.

# दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या

## 1 आरोपी गिरफ्तार, दूसरे ने पिया कीटनाशक

**जबलपुर. पनागर थाना अंतर्गत ग्राम मुडिया बाईपास में हत्या के बाद सूखी नहर में फेंकी गई महिला की लाश की गुत्थी सुलझा ली गई है. दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की गई.**

महिला के प्रेमी ने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था. एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे ने कीटनाशक पी लिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्तीकराया गया है. विदित हो कि पनागर थाना अंतर्गत ग्राम मुडिया बाईपास में हत्या के बाद सूखी नहर में महिला की लाश फेंक दी थी. मृतिका सुलोचना धुर्वे पति श्याम धुर्वे निवासी हाड़ापानी कुण्डम की 10 जनवरी को पनागर बाजार जाने के घर से निकली थी लेकिन वापिस नहीं लौटी थी.



### 1.22 करोड़ के विकास कार्यों

**बैतूल.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बारहवीं ग्राम में 7 सामुदायिक भवन और एक ब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत

# यौन शोषण में फंसे महामंडलेश्वर की गैरमौजूदगी बनी रहस्य

## आश्रम से गायब होने की चर्चाएं जोरों पर

**जबलपुर। यौन शोषण के आरोप में फंसे महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी के मूवमेंट को लेकर रहस्य बरकरार है। उनके गायब होने की चर्चाएं भी सरगर्म हैं। दरअसल, शुक्रवार को उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था, जिसके चलते उन्होंने कथा नहीं की थी। घंटों देर के बाद कथा उनके शिष्य ने की थी।**



शनिवार को अफवाह उड़ी कि महामंडलेश्वर अपने आश्रम से गायब हो गए हैं। दिनभर चर्चा रही कि वह आयोजन स्थल से निकलकर कहीं चले गए हैं, तो कुछ का यह भी कहना रहा कि उनका स्वास्थ्य खराब है, जिसके चलते वह अपने कक्ष में आराम कर रहे हैं और बाहर ही नहीं निकले हैं। उनकी मौजूदगी जबलपुर स्थित आश्रम में है या नहीं, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन उनकी उपस्थिति को लेकर रहस्य जरूर बना हुआ है। विदित हो कि राजस्थान निवासी एक युवती ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस को ई मेल कर उसने सुरक्षा मांगी थी। आरोप है कि एफआईआर कराने की जानकारी लगते ही उसे धमकियां मिल रही हैं। उधर, भेड़ाघाट थाना अंतर्गत हीरापुर स्थित आश्रम में 15 फरवरी तक भागवत कथा कर रहे उत्तम स्वामी का शुक्रवार को अचानक स्वास्थ्य बिगड़ना और इसके बाद कक्ष से बाहर नहीं निकलना, उनके शिष्य द्वारा कथा शुरू करना और इसके बाद दूसरे दिन शनिवार को सीधे उनके आश्रम से गायब होने की चर्चाएं होना, अनेक सवालों को जन्म दे रही है।

# आईआरसीटीसी ने लॉन्च किया प्रीमियम टूर पैकेज

## भोपाल-इंदौर से दिल्ली होते हुए 16 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय यात्रा

**भोपाल, 14 फरवरी. इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मध्यप्रदेश के पर्यटकों के लिए जून 2026 में 'यूरोप विथ यूके' नामक प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज लॉन्च किया है.**




यह यात्रा 09 जून 2026 से प्रारंभ होगी और 15 रात एवं 16 दिन की होगी. इस पैकेज के तहत यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, बेल्जियम, फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा.

यात्रा के दौरान पर्यटक लंदन आई, एफिल टॉवर, लूव्र म्यूज़ियम, माउंट टिटलिस, लुसेर्न झील, राइन फॉल्स, वेटिकन सिटी और कोलोसियम जैसे विश्व प्रसिद्ध आकर्षणों का अवलोकन करेंगे. पैकेज में रिटर्न एयर टिकट, 3-स्टार होटलों में ठहराव, सभी भोजन, दर्शनीय स्थल भ्रमण, क्रूज़ यात्रा, यूके एवं शेंगेन वीज़ा शुल्क (सामान्य), ट्रैवल इंश्योरेंस और आईआरसीटीसी टूर मैनेजर की सेवाएं शामिल हैं.

यह टूर 34 सीटों के साथ संचालित होगा और यात्रा इंदौर एवं भोपाल से दिल्ली होते हुए शुरू होगी. पैकेज की शुरुआती कीमत ?4.77 लाख प्रति व्यक्ति (टीसीएस अतिरिक्त) निर्धारित की गई है. यात्रा तिथि से कम से कम छह माह की पासपोर्ट वैधता अनिवार्य है तथा वीज़ा जारी होना संबंधित दूतावास की स्वीकृति पर निर्भर करेगा. बुकिंग आईआरसीटीसी के अधिकृत कार्यालयों में प्रारंभ हो चुकी है.

### भारतीय रेलवे में दो बड़े सुधार लागू

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और माल परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण सुधार लागू किए हैं. पहले सुधार के तहत ट्रेनों में स्वच्छता, लिनन प्रबंधन और लघु मरम्मत कार्यों को एकीकृत कर तकनीक आधारित ऑन-बोर्ड सेवा मॉडल लागू किया जाएगा. बहु-कौशलयुक्त कर्मियों की तैनाती, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी.

**तीखा हमला** अमेरिका के साथ यह समझौता 'दबाव में' किया गया : पटवारी

# अमेरिकी डील किसानों के साथ विश्वासघात

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 14 फरवरी. कांग्रेस ने अमेरिका के साथ हुए हालिया व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है. पार्टी का आरोप है कि यह समझौता भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ है.**



ग्वालियर जिले की भितरवार विधानसभा के मोहना में आयोजित 'किसान आक्रोश रैली' को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह समझौता 'दबाव में' किया गया है और इससे किसानों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. रैली का आयोजन पूर्व मंत्री लखन सिंह यादव ने किया. इसमें पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह तथा पूर्व मंत्री पी. सी. शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री ने अमेरिका के साथ समझौता करते समय किसानों के हितों से समझौता किया. उन्होंने इस समझौते को 'किसानों के गले पर रखी तलवार' बताया और कहा कि इससे उनकी फसलों और भविष्य पर संकट मंडरा रहा है. उन्होंने तथाकथित एप्सटीन फाइल्स के खुलासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार की छवि धूमिल हुई है और उसी को छिपाने के लिए राष्ट्रीय स्वाभिमान को गिरवी रखा गया.

> पटवारी ने मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कृषि उत्पादन को लेकर अव्यावहारिक दावे करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किसानों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ रहे हैं और कांग्रेस प्रदेशभर में घर-घर जाकर इस मुद्दे को उठाएगी.


SMFG Grihashakti Nayi Asha. Naya Vishwas.

## एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड

**कार्पोरेट आफिस:** 503 एवं 504, पांचवी मंजिल, जी ब्लाक, इन्सीप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (ई) मुंबई- 400051
**रजि. आफिस:** कमरजोन आईटी पार्क, टॉवर-बी, प्रथम तल नं. 111, माउंट पूनमल्ली पूउर चेन्नई-600116, तमिलनाडु

### अचल संपत्ति के लिए कब्ज़ा नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, जो एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है [राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ विधिवत पंजीकृत (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली)] (इसके बाद इसे 'एसएमएचएफसी' के रूप में जाना जाता है) वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54), और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया. उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांक में आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लिखित नाम) होने के नाते उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है. राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने निम्न के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) के तहत. विशेष रूप से यहां ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति और इसके साथ कोई भी लेन-देन न करें. संपत्ति नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए 'एसएमएचएफसी' के शुल्क के अधीन होगी.

| क्र. | उधारकर्ता/गारंटर(ओं) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन - 604639211974736 1. जमनालाल गेंदालाल 2. ममता निनोरिया | ऑल दैट पीस एंड पार्सल आवासीय फ्लैट संख्या 101, भूतल मंगलम अपार्टमेंट, मोहल्ला प्रताप नगर, रतलाम, तहसील एवं जिला रतलाम इसका क्षेत्रफल 459 वर्ग फुट है. संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व में- मार्ग और सीढ़ी, पश्चिम में- खुला मैदान, प्लॉट संख्या 04, उत्तर में- फ्लैट संख्या 102, दक्षिण में- खुला मैदान. | 11.11.2025 रु. 15,08,631/- (रु. पन्द्रह लाख आठ हजार छह सौ इकतीस मात्र) दिनांक 07.11.2025 | 13.02.2026 |
| 2 | लैन- 601639211369542 1. राजेश विर्ले 2. संगीता विर्ले | सर्वेक्षण संख्या 110/2, 110/1 और 110/140 वाली भूमि पर स्थित भाग संख्या 37 की पूरी संपत्ति. ग्राम बिलावली, वार्ड संख्या 77, पटवारी हल्का संख्या 09, तहसील जूनी इंदौर, जिला इंदौर. इसका क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट है. संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व-शेष अन्य सर्वेक्षण संख्या (भाग संख्या 42) की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-शेष अन्य सर्वेक्षण संख्या (भाग संख्या 36) की भूमि, दक्षिण-शेष अन्य सर्वेक्षण संख्या (भाग संख्या 38) की भूमि. | 11.11.2025 रु. 11,04,421/- (रुपये ग्यारह लाख चार हजार चार सौ इक्कीस मात्र) दिनांक 07.11.2025 | 11.02.2026 |

स्थान- रतलाम, इन्दौर, मध्यप्रदेश
दिनांक- 11.2.2026/13.2.2026

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड